Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding border issues with China.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, एक छोटा-सा मुद्दा है, इसको थोड़ा सुना जाए। बात यह है कि हमारी लद्दाख सीमा पर हमारी फौज डटी हुई है। वे हर दिन मुश्किलों का सामना करते हुए चीनी फौज का मुकाबला करते हैं और सही ढंग से जवाब देते हैं। सारे हिन्दुस्तानियों को उन पर नाज है कि चीनी दुश्मन हमारी फौज को देखकर डरे हुए हैं, क्योंकि हम डटे हुए हैं। लेकिन, हम में से किसी को भी, सत्तापक्ष या विपक्ष द्वारा हमारे दुश्मन चीन को ऐसा कोई मौका नहीं देना चाहिए, जिसका फायदा उठाते हुए, वह हमारी छवि को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर धूमिल करे। मैं इस मुद्दे पर राजनाथ सिंह जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे फार्मर आर्मी जनरल वी.के.सिंह जी, जो इस सरकार में मंत्री भी हैं। वी.के.सिंह जी ने एक स्टेटमेंट दिया है, जिसके बारे में पेपर में भी आया है। वे कह रहे हैं कि हमने भी चीनी फौजों से ज्यादा अतिक्रमण किया है। यदि, चीन ने दस बार अतिक्रमण किया है, तो हमने पचास बार अतिक्रमण किया है। अगर, किया है, तो ठीक है। इसको बढ़ा-चढ़ाकर कहने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन, चीनी सरकार ने इस मुद्दे को सामने रखा है। हमारी ऑफिशियल लाइन है कि हम किसी की सीमा पर अतिक्रमण नहीं करते हैं, परिवर्तन नहीं करते हैं। इसलिए, हम वहां कहते हैं कि हमारे स्टेट्स-को को वापस दिया जाए। अगर, आज हम इस तरीके का मौका चीनी सरकार को देंगे, चाहे कोई भी दे, तो इसका गलत फायदा उठाते हुए चीन हमारी छवि को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर धूमिल कर सकता है। इसलिए, हम चाहते हैं कि सरकार इस विषय पर थोड़ा गौर करे और इस तरीके की बेबुनियाद बातें सामने रखकर हमारे देश को कमजोर न करे। यही हमारा सवाल है। हम इस ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं और हम यह भी चाहते हैं कि हमारे रक्षा मंत्री जी यहां मौजूद हैं, वे इस विषय पर सदन को कुछ सूचना दें कि सही क्या है और गलत क्या है। हमारी ऑफिशियल लाइन क्या है? ये क्या कर रहे हैं? चीन इसका फायदा उठाते हुए क्या कर रहा है? इन सब विषयों पर आप सदन को सूचित करें। यही हमारी मांग है।